53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 27.0° c
अधिकतम 34.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:24, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 184 | शनिवार, 05 जुलाई 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

रिश्तों की पहली शर्त सम्मान है, जो आपको सम्मान नहीं दे सकते, वो रिश्ता नहीं निभा सकते।

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं : अखिलेश यादव



भाजपा से पहले के रिकार्ड में क्या कुछ था?.......

# मुजफ्फरनगर की फर्म के नाम पर 45 करोड़ की जीएसटी चोरी, 248 करोड़ के बिलों की जालसाजी, पांच गिरफ्तार

**मेरठ/मुजफ्फरनगर 04 जुलाई (एजेंसी)।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) मेरठ यूनिट ने 45 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ करते हुए कर्नाटक से एक अंतरराज्यीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने फर्जी दस्तावेज और ओटीपी की मदद से लोगों के नाम पर फर्जी कंपनियां बनाकर करोड़ों के चालान जारी किए। इस गिरोह के जरिए करीब 248 करोड़ रुपये के फर्जी बिल बनाए गए, जिन पर 45 करोड़ रुपये का टैक्स बनता है। गिरोह का सरगना और एक अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। यह मामला मुजफ्फरनगर के खतौली क्षेत्र के गांव बड़सू निवासी अश्वनी गुप्ता की शिकायत के बाद सामने आया। 2 सितंबर 2024 को अश्वनी ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दी थी कि एयरपोर्ट में नौकरी दिलाने के नाम पर एक महिला ने उनसे व्हाट्सएप के जरिये आधार कार्ड, पैन कार्ड, बिजली का बिल और हाईस्कूल की





मार्कशीट मांगी। ओटीपी भी फोन पर ले लिया गया। रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1750 रुपये भी ट्रांसफर कराए गए। कुछ ही समय बाद उनके नाम पर एके ट्रेडर्सह्व नाम की एक फर्म जीएसटी पोर्टल पर रजिस्टर्ड हो गई, जिसके जरिए करोड़ों के फर्जी बिल अपलोड किए गए। अश्वनी की शिकायत के आधार पर जब जांच की गई, तो पूरे फर्जीवाड़े की परतें खुलती गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था ने इसकी जांच एसटीएफ को सौंप दी। एसटीएफ मेरठ यूनिट ने तकनीकी सर्विलांस के जरिये गिरोह की लोकेशन ट्रेस कर ली और कर्नाटक के कैपेगोड़ा नगर, बंगलुरू से राजस्थान के रहने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी राजस्थान के बाड़मेर जिले के रहने वाले हैं और आपस में रिश्तेदार हैं। इनमें शामिल हैं-

- **रतना राम (गांव गोलिया गरवा, थाना आजीटी)**
- **ओमप्रकाश (गांव गोलिया गरवा, थाना आजीटी)**
- **हनुमान राम (गांव गोलिया गरवा, थाना आजीटी)**
- **बुद्धाराम (गांव दबड़, थाना गुडामालानी)**
- **संतोष कुमार (गांव डाबड, थाना गुडामालानी)**

इनके कब्जे से 13 मोबाइल फोन, एक प्रिंटर, विभिन्न कंपनियों की आठ बिल बुक, चार रबड़ की मुहरें, एक नंबरिंग मशीन, चार चेक बुक और तीन कारें बरामद की गईं। सभी आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर मुजफ्फरनगर लाया गया है। एसटीएफ की जांच में सामने आया कि ये आरोपी 100 से अधिक फर्जी कंपनियों के नाम पर ई-वे बिल और इनवॉइस जारी करते थे, जिससे कंपनियों को जीएसटी चोरी का रास्ता मिल जाता था। इन कंपनियों के नाम पर बड़े-बड़े ट्रांजेक्शन दिखाए जाते थे, लेकिन असल में कोई व्यापार नहीं होता था। गिरोह के दो मुख्य सरगना अभी फरार हैं। एसटीएफ ने उनकी पहचान कर ली है और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

## ढाबे पर लिखा था 'गुप्ता चाट भंडार'... मालिक निकला गुलफाम!, कैमरा देखते ही भाग गया

**हरिद्वार, 04 जुलाई (एजेंसी)।** हरिद्वार के मंगलौर-हरिद्वार हाइवे पर गुप्ता चाट भंडार नाम की दुकान है। कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित इस दुकान में काफी भीड़ भी होती है, लेकिन जब क्यूआर कोड स्कैन किया तो एक अलग ही हकीकत सामने आई।

जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा से पहले यूपी और उत्तराखंड के कई जिलों में सियासत गरमा गई है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में सरकार ने कुछ सख्त नियम जारी किए हैं। नए नियमों के तहत खाने-पीने की दुकानों पर मालिक का नाम लिखना और लाइसेंस व पहचान पत्र चिपकाना जरूरी कर दिया गया है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि हरिद्वार-दिल्ली हाइवे पर कई मुस्लिम हिंदू नाम से दुकान चला रहे हैं। उनका कहना है कि इन ढाबों और होटलों में अधिकांश कर्मचारी मुस्लिम समुदाय से हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पहचान छुपा रखी है। होटल भी हिंदू नाम से चलाया जा रहा है। हिंदू संगठनों के आरोपों की सच्चाई जानने के लिए हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर लाइव चेक किया गया तो इस दौरान हरिद्वार जिले में मंगलौर-हरिद्वार हाइवे पर गुप्ता चाट भंडार पर हिन्दू संगठन पहुंचे। उत्तराखंड और यूपी बॉर्डर पर मौजूद इस चाट भंडार का नाम तो गुप्ता चाट भंडार लिखा है, लेकिन एक क्यूआर कोड स्कैन करते ही सारे आरोपों की सच्चाई सामने आ गई। क्यूआर कोड स्कैन करते ही गुलफाम का नाम सामने आया, यानि जिस अकाउंट में ग्राहकों का पैसा जा रहा था वह गुलफाम का था। हरिद्वार के कांवड़ यात्रा मार्ग में इस बड़ी दुकान का नाम भले ही गुप्ता चाट भंडार रखा गया हो, लेकिन पेमेंट गुलफाम को जा रहा था. जिस गुलफाम के नाम पर यह स्कैनर था, वह मीडिया को देखते ही गायब हो गया। डिजिटल पेमेंट से साफ हो गया कि दुकान में कुछ गड़बड़ है, जबकि यह दुकान अशोक गुप्ता के नाम पर है। अशोक गुप्ता ने बताया कि उन्होंने वह दुकान बेच दी है, लेकिन जब उनसे सवाल किया कि बाहर से गुप्ता चाट भंडार लिखा देखकर कांवड़िए आ सकते हैं और फिर विवाद हो सकता है, इस पर अशोक गुप्ता ने कहा कि





गलती हो गई है, जल्द ही बोर्ड हटा देंगे। जब इस स्कैनर को चेक किया तो गुलफाम का नाम सामने आया। पहले संचालक ने इसे छिपाने की भी कोशिश की, लेकिन जब पुलिस पहुंची, तो संचालक खुद इस गलती को मानने पर मजबूर हुआ। संचालक ने कहा कि हां, यह गलती हुई है, जल्द ही नाम सही कराया जाएगा। हालांकि मंगलौर पुलिस ने उस स्कैनर को अपने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मुहर्रम जुलूस के दौरान बीच शिया सोगवारों ने की सीनाजनी

**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** नगर मुख्यालय पर देर सायं नगर की सड़कों पर मातमी जुलूस के बीच या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के साथ गमगीन माहौल में मोहर्रम का जुलूस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया। इस दौरान मुहुर्रम में शामिल रहे तमाम शिया सोगवारों ने सीनाजनी की। जुलूस में इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र सुन शिया समाज के लोग जार-जार रोए। वहीं जायरीन इस बीच जुलूस में आगे-आगे अलम और ताजिया लेकर चले। इस दौरान पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिया और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए वाहनों के अन्य मार्गों से निकाला गया।

मौलाना गौहर अब्बास जैदी ने इस दौरान मर्तबा बयान किया। उन्होंने कहा कि अब से 1400 साल पहले कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन ने अपने नाना के दीन को बचाने के लिए राहे खुदा में शहादत पेश की थी। मुहर्रम की 7 तारीख से यजीद की सेना ने इमाम हुसैन के साथियों को खाना और पानी देना बंद कर दिया। वे भूखे-प्यासे रह गए। इमाम हुसैन ने बहुत सब्र किया, लेकिन यजीद के अत्याचार बढ़ते गए, मुहर्रम की 10 तारीख को बड़ी लड़ाई हुई, यजीद के पास ज्यादा सैनिक और हथियार थे, जबकि इमाम हुसैन के साथ केवल 72 लोग थे। इस लड़ाई में यजीद की सेना ने इमाम हुसैन और उनके साथियों को मार डाला। उन सभी में इमाम हुसैन का 6 माह का बच्चा अली असगर, 18 साल का बेटा अली अकबर और 7 साल का भतीजा कासिम भी था। इसलिए मुस्लिम समुदाय इस दिन को बहुत दुख के साथ बाद करता है। इस वजह से मुहर्रम का महीना खास होता है, जिसमें तमाम लोग अपने दुख को विभिन्न तरीके से



जताते हैं। शुक्रवार 8वीं मुहर्रम को मौलाना ने अपनी तकरीर में कहा कि इमाम हुसैन यजीद से लड़ाई नहीं करना चाहते थे। उन्होंने उसे पैगाम दिया था, कि वो उन्हें जाने दे वो शांतिप्रिय देश हिंदुस्तान जाना चाहते हैं। करबला की जंग सिर्फ इंसानों की भूमिका नहीं थी, बेजुबान जानवरों ने भी इस जंग में इमाम हुसैन के साथ मिलकर इस लड़ाई में अपना बेशकीमती योगदान दिया। उन्होंने कहा कि दुलदुल इमाम हुसैन के घोड़े का नाम था, जिसने जंग में आखिर दम तक इमाम के साथ लड़ाई लड़ी और इमाम के शहीद होने के बाद सबसे पहले उनके खेमे में जाकर उनके न होने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि जब दुलदुल इमाम की शहादत के बाद में खेमेगाह में पहुंचा तो उसके शरीर पर सैकड़ों तीर एवं उसकी आंखों से लगातार आंसू बह रहे थे। तब से हर साल मुहर्रम में दुलदुल का जूलूस निकलता है। जिसके जरिए इमाम के बेजुबान साथी को याद किया जाता है। मौलाना ने कहा कि मुहर्रम इमाम हुसैन के आदर्शों पर चलने का नाम है। मुहर्रम हर साल ये संदेश देता है कि समाज को तोड़ने वाले तत्वों के खिलाफ अगर खड़ा होना पड़े तो खड़ा होना चाहिए।

## अपहृत पूर्व प्रधान बरामद, 10 लाख में तय हुई थी अपहरण की डील

**मुजफ्फरनगर, 4 जुलाई (बु.)।** पुलिस लाइन में वार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर से बुधवार रात आठ बजे पूर्व प्रधान कुलदीप को कार सवार बदमाश अपहरण कर ले गए थे। उक्त मामले में परिजनों ने मामले की जानकारी मंसूरपुर पुलिस को दी तो पुलिस हरकत में आई और क्राइम ब्रांच व मंसूरपुर पुलिस को प्रधान की बरामदगी के लिए एक साथ लगाया गया। एसएसपी के अनुसार गुरूवार देर रात नावला मोड़ पर पुलिस व बदमाशों की मुठभेड़ हुई तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर डाली। हर बार की तरह पुलिस की जवाबी कार्यवाही में दो बदमाश जोनी निवासी नंगली, आजमाबाद थाना इंचौली, जनपद मेरठ व आदित्य उर्फ लाला गुर्जर जनपद मेरठ गोली लगने से घायल हो गए। उन्हीं के साथी हर्ष मेहरा निवासी मौहल्ला कुआं, मेरठ, मिलन उर्फ मासूम गांव कुनकुरा, मेरठ, जनेश्वर निवासी अनेकी थाना सिडकुल हरिद्वार व दिनेश पंडित निवासी मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों से 12 हजार रुपये की नकदी सहित घटना में प्रयुक्त कार





व अवैध हथियार बरामद किये गए। पूछताछ के बाद बदमाशों ने बताया कि हरिद्वार में पूर्व प्रधान कुलदीप का एक प्लॉट है, जिसका सौदा प्रोपर्टी डीलर जनेश्वर व दिनेश पंडित मिलकर कर रहे थे, जिसका बयाना भी कुलदीप को दे दिया गया था। बदमाशों का बताना है कि पूर्व प्रधान कुलदीप प्लॉट का बैनामा नहीं कर रहा था, जिस कारण जनेश्वर व दिनेश ने कुलदीप के अपहरण की योजना बनाई, जिसकी डील 10 लाख रुपये में आदित्य, जोनी, मिलन व हर्ष के साथ हुई और अपहरण के एडवांस के रूप में 25 हजार रुपये की पेशगी भी दी गयी। अपहरण का सौदा तय होने के बाद उक्त चारों ने मिलकर पूर्व प्रधान कुलदीप का अपहरण कर लिया उसके बाद एक लाख रुपये फिरौती के अपने खाते में डलवाये और आरोपी प्रधान को लेकर विभिन्न स्थानों पर घूमते रहे। बताया जाता है कि जिस प्लॉट का सौदा प्रधान ने कर रखा था, वह करोड़ों की कीमत का था।

### पहली बार शिवचौक पर मातमी जुलूस नहीं रुकने दिया गया

**मुजफ्फरनगर।** शिव चौक पर मोहर्रम के मातमी जुलूस के दौरान सुरक्षा कर्म से यहां पहली बार शिव मूर्ति को लाल रंग के कपड़े से ढका गया, वही इस बीच शासन की शक्ति के चलते पुलिस प्रशासन में मातमी जुलूस करने वाले शिया सोगवारों को इस एरिया से बल पूर्वक आगे धकेलते यहां पर मातम करने से रोका। शिव चौक पर पहली बार लाल पर्दा किए जाने और मातमी जुलूस न करने को लेकर लोगों ने रात की सांस ली।

## या हुसैन के नारों के बीच शांतिपूर्ण निकला मातमी जुलूस

**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** शहर के मुख्य मार्गो से एक मातमी जुलूस शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में शिया समुदाय के लोग 'या हुसैन' के नारों के साथ सड़कों



पर उतरे, कर्बला के शहीदों की शहादत को याद करते हुए। या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के साथ शहर में पांच मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। शिया सोगवारों ने सीनाजनी की। जुलूस में जुलजुना (इमाम का घोड़ा) भी शामिल रहा। इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र सुन शिया समाज के लोग जार-जार रोए। जायरीन जुलूस में आगे-आगे अलम और ताजिया लेकर चले। पूरे मार्ग में, जुलूस में शामिल लोगों ने इमाम हुसैन और उनके साथियों के बलिदान को याद करते हुए मातम मनाया। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल और पूरे मार्ग में तैनात रहे, जिससे जुलूस निर्बाध रूप से आगे बढ़ सका। जुलूस के आयोजकों में से एक, नसीम जैदी ने कहा, "यह जुलूस इमाम हुसैन के बलिदान के संदेश को फैलाने का एक माध्यम है। की इंसानियत को जिंदा रखना, हमें खुशी है कि प्रशासन द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था की है थी जुलूस शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ।" अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि आज मोहर्रम की पुलिस व्यवस्था ठीक रही यह मेरे साथ सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी सिटी, थाना, कोतवाली पुलिस बड़ी संख्या में मौजूद रही। सभी व्यवस्था एक दम ठीक रही। बताया कि प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई थी।

## खुल गयी पोल, निर्लज्ज जीजा व साली ने ही नवजात का शव फेंका था कूड़े के ढेर पर

**मुजफ्फरनगर, 4 जुलाई (बु.)।** दो दिन पहले मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा कूड़े के ढेर पर मृत पाए गए नवजात के फेंकने का खुलासा कर दिया था। आज प्रेस वार्ता कर पुलिस ने उस पर अपनी मोहर लगा दी और जानकारी देते हुए बताया कि रामपुरी निवासी प्रिया व अभिषेक जीजा-साली हैं। दोनों ने शारीरिक सम्बंध बनाने के बाद लगभग छह माह के गर्भाधान के बाद एकाएक गर्भपात की गोलियां देकर नवजात का गर्भपात कराकर उसे कूड़े के ढेर पर डाल दिया। आपको बता दें कि उक्त मामले में पुलिस ने निशू गौ सेवक ने कूड़े के ढेर पर जाकर उक्त नवजात को उठाया व पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कई दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर नवजात के शव को निशू गौसेवक द्वारा ही अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और पुलिस के अनुसार उन्होंने सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। उक्त घटना 24 जून की थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने इस मामले में उत्तरी रामपुरी के रहने वाले अभिषेक व उसकी साली प्रिया पुत्री सतपाल निवासी उत्तरी





रामपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े जाने के बाद दोनों ने स्वीकार किया कि गर्भाधान हो जाने के बाद उन्हें लोक लाज की चिंता सताने लगी और दोनों ने मिलकर योजनाबद्ध ढंग से घर में ही गर्भपात की गोलियां लेकर गर्भपात कराया और उसके बाद नवजात को कूड़े के ढेर पर फेंक दिया। एसएसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रुपये के इनाम देकर सम्मानित करने की घोषणा की।

## 50 किलोमीटर के दायरे में दिखा तो तुझे कहीं का नहीं छोड़ेंगे

**बुढ़ाना, 4 जुलाई (बु.)।** पैतृक संपत्ति के बंटवारे के चलते भाई के खौफ से परेशान युवक गांव से पलायन कर गया, अब जिस गांव में युवक रह रहा है, उसका भाई वहीं पहुंचा और धमकी दी कि अगर आज के बाद वो 50 किलोमीटर के दायरे में कहीं दिखाई दिया तो उसे कहीं का नही छोड़ेंगे। पीड़ित युवक ने सीओ से सुरक्षा की मांग की है। नवाब सिंह पुत्र माना निवासी ग्राम गोयला ने सीओ को बताया कि उसके सगे भाई अशोक, जयवीर व राजवीर हैं। जो एक छत के नीचे रहते हैं किंतु कुछ समय पूर्व आपसी मनमुटाव के चलते हम चारों भाई अलग हो गये। बीते 22 जून को भाई अशोक व भतीजे जितेन्द्र ने पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे के चलते उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उसने विरोध किया, तो दोनों ने उसे जमीन पर गिराकर लात घूंसो से मारा। जिसमें उसे चोटें आई मगर उसने कोई कार्यवाही नहीं कराई। उसकी 6 बेटियां हैं लड़का नहीं है। बीते 1 जुलाई को जब वो खेत से घर लौटा तो अशोक आदि ने दारू पीकर उसके संग गाली गलौच की और पैतृक संपत्ति कब्जाने के उद्देश्य से उसे घर छोड़ने को कहा। जब उसने विरोध किया तो अशोक आदि ने उसकी बेटियों संग बदतमीजी की। इस हरकत से तंग आकर उसने गांव से पलायन किया और गांव कितास आ गया तो आरोपी शुक्रवार को वहीं पहुंचे और गाली गलौच कर कहने लगे कि यदि तू 50 किलो मीटर के दायरे में कहीं पर भी नजर आया तो तुझे हम नही छोड़ेंगे। पीड़ित ने सीओ से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### शाहनवाज अभी जेल में ही, मगर उनके समधी को मिली जमानत

**मुजफ्फरनगर, 4 जुलाई (बु.)।** पूर्व विधायक शाहनवाज राना 5 दिसम्बर 2024 से जेल में बंद हैं। जीएसटी टीम पर हमले के आरोप के साथ-साथ उन पर कई अन्य आरोप भी लगे थे। आपको बता दें कि जिला कारागार में अपने नौकर की आईडी पर सिम उपलब्ध कराने के मामले में उनके समधी पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी है। मौहम्मद गाजी भी पिछले ढाई महीने से जेल में बंद हैं। अब हाईकोर्ट से आदेश की कॉपी मिलने पर मौहम्मद गाजी जेल से रिहा किये जाएंगे। आपको बता दें कि मौहम्मद गाजी ने अपने नौकर की आईडी पर सिम निकलवाया था, और उक्त सिम को जेल में शाहनवाज राना तक पहुंचाया गया था। जांच में जब इस बात का पता चला तो 18 अप्रैल को मौहम्मद गाजी को गिरफ्तार कर लिया गया और तभी से गाजी जेल में बंद हैं।




# कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न संपन्न कराने को अफसरों ने किया मंथन

# संचालकों से मांगा यात्रा की सफलता के लिए सहयोग

**- विद्युत कनेक्शन व सीसीटीवी कैमरों पर दिया विशेष जोर - पेयजल आपूर्ति व सफाई पर व्यवस्था बनाने का आह्वान - अफवाहों से बचने के साथ उच्चाधिकारियों को दें जानकारी**



**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** उत्तर भारत की सबसे लंबी एवं ऐतिहासिक धार्मिक यात्राओं में शुमार कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने जिले में संचालित कांवड़ सेवा शिविर संचालकों के साथ बैठक करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु जनपद में कानून एवं शान्ति व्यस्था बनाये रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अधीनस्थों को इन कांवड़ शिविर संचालकों की समस्याओं का समय रहते निदान करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने सभी कांवड़ शिविर संचालकों से कहा कि हम और आप सबको मिलकर कांवड़ माह को सकुशल संपन्न कराना उद्देश्य है, जिसमें आप लोगों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि जिले में कांवड़ सेवा शिविर लगाने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा, जिसमें नगरीय क्षेत्र में लगने वाले शिविरों को लगाए जाने के लिए नगर मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमति दी जाएगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संबंधित एडीएम की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में सीसीटीवी कैमरों, पेयजल आपूर्ति, टॉयलेट, साफ-सफाई, फायर सेफ्टी, विद्युत वायर खुले में न हो, इसके लिए अतिरिक्त ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कत होती है, तो उच्च अधिकारियों को अवश्य अवगत कराया जाए। इसके साथ उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग में सड़कों में जहां-जहां पर गड्ढे भरने से छूट गए हैं उनको तत्काल ठीक कराया जाए तथा जहां पर बिजली के तार ऊंचे होने से रह गए हैं, उन्हें ऊंचा किए जाने तथा ट्रांसफार्मर एवं पोल आदि को प्लास्टिक की पॉलिथीन से कवर व व्यवस्थित ढंग से ठीक कराने के लिए विद्युत विभाग के अफसरों को निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी संजय वर्मा ने सभी कांवड़ शिविर संचालकों को धर्म एवं संस्कृति से जुड़ने के साथ देश को सर्वोच्च मानकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा में पुलिस की व्यवस्था पुख्ता है और उनकी ड्यूटी भी सुनिश्चित हो गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा को संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का हर संभव सहयोग करें, जिससे यह धार्मिक कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो सके। उन्होंने शिविर संचालकों से कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार कोई अफवाह सोशल मीडिया पर आए, तो उस पर ध्यान ना दें तथा उच्चाधिकारियों को समय रहते अवगत कराएं। बैठक में विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने कांवड़ शिविर संचालकों को शिविर में विद्युत व्यवस्था के लिए झटपट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने पर कनेक्शन मिल जाने की जानकारी दी। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार, एडीएम वित्त गजेंद्र सिंह, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी ट्रैफिक अतुल चौबे, सीएमओ सुनील तेवतिया, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर सहित जिले के सभी सीओ, एसडीएम, सीएफओ, पालिका ईओ व गन्ना अधिकारी मौजूद रहे।

# मिलावटखोरों के विरुद्ध बड़ा अभियान चलाने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** जिला पंचायत सभागार में कांवड़ यात्रा की सफलता को लेकर शुक्रवार को संपन्न कांवड़ शिविर संचालकों की बैठक में शिविर संचालकों की समस्याओं के निदान कराने के साथ सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक में जहां एक ओर कांवड़ यात्रा के दौरान कीमतों में बढ़ोतरी किए जाने के साथ विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, यातायात व्यवस्था के साथ सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, वहीं कांवड़ शिविर संचालन को लेकर मिल रही स्वीकृति के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर काटे जाने के बजाय एक ही कार्यालय में शिविर संचालन की स्वीकृति की व्यवस्था कराने की मांग उठी। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान बर्फ की सिल्ली के भाव एकाएक बढ़ जाने, यात्रा मार्ग पर शराब के ठेकों के सायं के वक्त खुलने पर प्रतिबंध लगाने के साथ कांवड़ मार्ग पर शौचालय निर्माण की समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया गया। शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न बैठक में कांवड़ शिविर संचालक एवं हिन्दू शक्ति संगठन के संयोजक संजय अरोरा ने जिला प्रशासन से मांग की कि रुड़की रोड कांवड़ मार्ग पर सड़क के बीच में लगाए यूनीपोल नगरीय क्षेत्र से गुजरने वाली बड़ी कांवड़ मार्ग को अवरुद्ध करने का काम करती हैं, जिन्हें अविलंब हटाया जाए। व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल व राकेश त्यागी ने कांवड़ यात्रा मेले के दौरान दूध, पनीर समेत मिलावटी खाद्य सामग्री की आपूर्ति को रोकने के साथ दोषी लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की पैरवी की। इसके साथ व्यापारी नेता शलभ गुप्ता ने कांवड़ शिविर संचालन के दौरान बर्फ की सिल्ली के भाव आसमान छूने और मुख्य सड़कों पर गड्ढों की ज्वलंत समस्या का निदान समय रहते कराने की बात की। बैठक में सुरेन्द्र अग्रवाल ने कांवड़ शिविरों में नि:शुल्क बिजली का कनेक्शन दिलाए जाने की मांग की। वहीं निरमाना गांव में शराब का ठेका बंद कराने, भोपा रोड पर लगे जाम को दूर करने के लिए व्यवस्था कराने और गंग नहर पटरी पर कांवड़ यात्रा के दौरान अतिरिक्त सचल टॉयलेट व्यवस्था किए जाने की अधिकारियों से मांग की गई। बैठक में ग्रामीण अंचलों से आए शिविर संचालकों ने इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में इस बीच एम्बुलेंस व्यवस्था व सायं के समय हुड़दंग की आशंकाओं के चलते शराब के ठेकों को बंद कराए जाने की मांग की। बैठक में हिन्दू संगठनों से शरद कपूर, पूनम चौधरी, अलका शर्मा, बिट्टू सिखेड़ा, आनन्द प्रकाश गोयल, संजय अरोरा, राकेश त्यागी, कृष्ण गोपाल मित्तल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा मेले में रोडवेज डिपो ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर परिवहन निगम ने रोडवेज बसों के संचालन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली है। इसके चलते जनपद मुख्यालय से हरिद्वार धाम के लिए मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो की ओर से वर्तमान में संचालित 57 बसों के बेड़े में बढ़ोतरी करते हुए इसमें 20 अतिरिक्त रोडवेज बसों का संचालन किए जाने की तैयारी की है। इस दौरान रोडवेज डिपो में कार्यरत सभी चालकों व परिचालकों की छुट्टी पर रोक लगाने के साथ हरिद्वार जाने के लिए अब 20 रोडवेज बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। आगामी 11 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू होने के चलते परिवहन विभाग ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। इस संबंध में मुजफ्फरनगर परिवहन निगम के एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुजफ्फरनगर परिवहन विभाग द्वारा कांवड़ यात्रा मेले के दौरान शिवभक्तों की सुविधा को देखते हुए हरिद्वार जाने वाली रोडवेज बसों के बेड़े में अब 20 अतिरिक्त बसों के संचालन किए जाने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरिद्वार के लिए 54 निगम और 7 अनुबंधित बसों का संचालन किया जा रहा है। इन सभी बसों की नियमित रूप से तकनीकी जांच की जा रही है। साथ ही सफाई व सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रा के बीच हर स्तर पर निगरानी रखी जाएगी। किसी को कोई भी असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान परिवहन विभाग द्वारा रखा जाएगा।

## सिवान में खूनी झड़प, 3 लोगों की हत्या, दो घायल

**बिहार, 04 जुलाई (एजेंसी)।** बिहार के सिवान में आपसी विवाद के बाद दो पक्षों के बीच खूनी खेल खेला गया है। 3 लोगों की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है जबकि तीन लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। घटना के बाद लोगों ने सड़क पर उतरकर भारी बवाल किया है। मौत के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद इलाके में तनाव व्याप्त हो गया और बाजार पूरी तरह से बंद हो गया। गुस्साए लोगों ने एक बाइक को आग लगा दी, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई। मृतकों में पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह का पुत्र भी शामिल है। 20 से 25 बाइक और स्कार्पियो सवार अपराधी फरसा और तलवार से लैस होकर पहुंचे और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। हमले के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बाजार पूरी तरह से बंद हो गया। दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिवान में हत्या की घटना में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने लिखा, 'बिहार में नरसंहार! सिवान में 6 लोगों को मारी गोली! 3 की मौका ए वारदात पर मौत! अचेत मुख्यमंत्री की अगुवाई में विधि व्यवस्था ध्वस्त!' परिजनों ने गांव के ही दबंगों पर शराब के कारोबार की सूचना पुलिस को देने को लेकर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है।

## तारीख गवाह है

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 04 जुलाई (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार हैं- 1658- मुगल शासक औरंगजेब ने अपने बड़े भाई मुराद बख्श को बंदी बनाया। 1687- न्यूटन के प्रिंसिपिया को रॉयल सोसायटी ऑफ इंग्लैंड ने पब्लिश किया। इसमें लॉ ऑफ मोशन और गुरुत्वाकर्षण के बारे में जानकारी थी। 1811- वेनेजुएला के सात प्रांतों ने स्पेन के शासन से स्वतंत्रता की घोषणा की। 1922- नीदरलैंड में पहली बार आम चुनाव हुए। 1935- फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने अमेरिका के नेशनल लेबर रिलेशंस कानून पर हस्ताक्षर किए। 1950- नये कानून के तहत सभी यहूदियों को इस्राइल में रहने की अनुमति दी गयी। 1954- बीबीसी ने अपने पहले टीवी समाचार बुलेटिन का प्रसारण किया। 1959- इंडोनेशिया में संविधान बहाल किया गया। 1960- मंगोलिया ने संविधान अपनाया। 1962- अल्जीरिया 132 साल के फ्रांसीसी शासन से आजाद हुआ। 1968- भारत की पहली पनडुब्बी सोवियत रूस से पहुंची। 1977- जनरल मोहम्मद जिया उल-हक के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना ने तख्ता पलट कर देश के शासन पर कब्जा किया। 1994- जेफ बेजोस ने ई-कॉमर्स वेबसाइट ऐमजॉन की स्थापना की। 1996- लैब में बनी दुनिया की पहली भेड़ डॉली का जन्म हुआ। 2013- इराक की राजधानी बगदाद की एक मस्जिद पर हुए बम हमले में 15 लोगों की मौत।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 97850 | चांदी- | 107000 |
| सिक्का- | 1170 | गिन्नी- | 72950 |

## आपका आज का राशिफल

**शनिवार, 05 जुलाई, 2025**

**मेष-** बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, जनसम्पर्क का सुयोग, जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार, मनोरंजन में अभिरुचि, हर्ष भी।

**वृषभ-** आज दिन 11/15 बजे तक लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, वैचारिक अस्थिरता, व्यय, शेष समय में व्यावसायिक विस्तार, नौकरी में पदोन्नति, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

**मिथुन-** आज दिन 11/15 बजे तक सफलता, कार्य क्षमता में वृद्धि, विरोधी परास्त, सुयश की प्राप्ति, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्यों में अड़चनें, अध्ययन में व्यतिक्रम।

**कर्क-** समय उन्नति में सहायक, योजना के कार्यान्वयन हेतु विचार-विमर्श, जीवन में इच्छित घटना घटित, दाम्पत्य जीवन मधुर, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।

**सिंह-** पराक्रम से कार्य सिद्धि, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य, संभावित यात्रा।

**कन्या-** पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, स्वविवेक से लिया गया कार्य हितकर, अकल्पित लाभ, मित्रों से सहयोग, मनोविनोद के अवसर सुलभ, धन लाभ।

**तुला-** आज दिन 11/15 बजे तक परेशानी, शंका-कुशंका प्रभावी, व्यय की अधिकता, मानसिक बेचैनी, शेष समय में परिस्थितियों में सुधार, विवादास्पद मसल हल।

**वृश्चिक-** आज दिन 11/15 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, आरोग्य सुख, पूंजी का प्रतिफल प्राप्त, शेष समय में योजनापूर्ति में व्यवधान, जोखिम से हानि, परिजनों से कष्ट।

**धनु-** साहसिक प्रयास प्रगति पर, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, धर्म अध्यात्म के प्रति आस्था, इच्छानुकूल घटनाएं घटित।

**मकर-** बुद्धि-चातुर्य से कार्यों में सफलता का सुयोग, आय के नवीन स्रोत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, भौतिक सुख सुविधा प्राप्त, यात्रा।

**कुम्भ-** आज दिन 11/15 बजे तक भाग्य में न्यूनता, समस्याओं से चिन्तित, उन्नति में बाधा, शेष समय में नवयोजना फलीभूत, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, घरेलू वातावरण सुखद।

**मीन-** आज दिन 11/15 बजे तक समय प्रगतिकारक, व्यक्तिगत परेशानी में कमी, इच्छाशक्ति जागृत, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, आरोग्य सुख में व्यवधान।

**विमल जैन,** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# बीएसएफ जवान ने अमेरिका में जीते दो रजत पदक, चरथावल क्षेत्र का नाम किया रोशन



**चरथावल, 04 जुलाई (बु.)।** सीमा सुरक्षा बल के जवान रवि कुमार ने अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित 2025 विश्व पुलिस और फायर गेम्स (डब्ल्यूपीएफजी) में दो रजत पदक हासिल करके भारत को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हुए रवि ने ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए डिस्कस थ्रो और शॉटपुट दोनों में रजत पदक अर्जित किये। इससे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल, सार्वजनिक सुरक्षा कर्मियों की भागीदारी वाली एक ओलंपिक शैली की प्रतियोगिता है, जो 27 जून को शुरू हुई। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम ज्ञानामाजरा निवासी किसान अशोक के पुत्र रवि कुमार ने बीएसएफ का प्रतिनिधित्व करते हुए कुमार को थ्रोइंग स्पर्धाओं में कड़ी टक्कर दी। प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए उन्होंने डिस्कस थ्रो और शॉटपुट में दो रजत पदक जीते। यह न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि को दर्शाते हैं, बल्कि भारत के अर्धसैनिक बलों के कठोर प्रशिक्षण और अनुशासन को भी दर्शाते हैं। विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल, सार्वजनिक सुरक्षा कर्मियों की भागीदारी वाली एक ओलंपिक शैली की प्रतियोगिता है, जो 27 जून को शुरू हुई। रवि कुमार ने स्पर्धाओं के बाद कहा कि दुनिया के बेहतरीन प्रतिक्रियाकर्ताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना और भारत के लिए पदक लाना सम्मान की बात है। उनकी यह उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव की बात है। सैमफोर्ड यूनिवर्सिटी ट्रैक एंड फील्ड कॉम्प्लेक्स में कुमार के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने उनकी ताकत, समर्पण और एथलेटिक कौशल को दर्शाया, जिससे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी।

# मास्क मैन की दोबारा एंट्री से गांव में पसरी दहशत

**- बीते वर्ष दो माह तक ग्रामीणों में फैला था मास्क मैन का खौफ**

**भोपा, 04 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र में बीते वर्ष मास्क लगाए अज्ञात युवक द्वारा क्षेत्र के कई गांव में महिलाओं और युवतियों समेत ग्रामीणों पर हमला कर दहशत फैलाने के बाद गांव करहेड़ा में मास्क मैन की दोबारा एंट्री से दहशत पसर गई है। गुरुवार शाम निर्माणाधीन टंकी के पास एक ग्रामीण को मास्क मैन के दिखाई देने के बाद गांव में एलान कराकर ग्रामीणों को अकेले इधर-उधर ना जाने की सलाह दी गई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा में गुरुवार देर शाम एक ग्रामीण निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास घूम रहा था, तभी ग्रामीण को मास्क लगाए निर्वस्त्र घूम रहे एक अज्ञात युवक दिखाई दिया, जिससे वह घबरा गया। ग्रामीण को देखते ही मास्क लगाए अज्ञात युवक तेजी से उसकी तरफ बढ़ा, जिस पर ग्रामीण ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अज्ञात युवक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह गन्ने के खेतों में घुसकर ओझल हो गया। मास्क लगाये अज्ञात युवक के गन्ने के खेतों में ओझल हो जाने के बाद ग्रामीणों को बीते वर्ष की घटना याद आ गई, जिससे उनमें दहशत पसर गई। ग्राम प्रधान अमित कुमार ने बताया कि एहतियात के तौर पर गांव में एलान कराकर ग्रामीणों को अकेले इधर-उधर ना जाने की सलाह दी गई है।

## बीते वर्ष मास्क मैन ने मचाया था जमकर आतंक



**भोपा, 04 जुलाई (बु.)।** थानाक्षेत्र में बीते वर्ष मास्क पहने एक निर्वस्त्र अज्ञात युवक द्वारा दो सितंबर को स्कूल से घर लौट रही करहेड़ा निवासी अमरेश की पुत्री स्वाति के सिर में डंडे से जानलेवा प्रहार कर उसे घायल कर दिया था और दूसरी पुत्री खुशी के साथ भी मारपीट की थी। वहीं किशनपुर निवासी इलियास उर्फ चंदा को भी नकाबपोश ने खेत में मिर्च तोड़ते समय मारपीट कर घायल कर दिया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तीनों का उपचार किया गया था। बीते 19 अक्टूबर को भी निर्वस्त्र मास्क मैन ने अलीपुर, चौरावाला के जंगल में अलीपुर तिस्सा निवासी महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया था। मास्क मैन ने पशुओं का चारा लेने जा रही किशनपुर निवासी रजिया के साथ भी डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। रजिया द्वारा शोर मचाने पर आसपास चारा काट रही महिलाओं ने आकर रजिया की जान बचाई थी। आरोपी मौका देखकर फरार होने में कामयाब हो गया था। फिलहाल दोबारा से मास्क मैन की एंट्री ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है।



## श्रीराम कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा फाइनेंशियल प्लैनिंग एंड ऑप्टिमाइजेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बुस.)।** श्रीराम कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा बुधवार को फाइनेंशियल प्लैनिंग एंड ऑप्टिमाइजेशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ता के रूप में पंजाब नैशनल बैंक की अधिकारी मिस शुचिता कक्कड़ सीनियर मैनेजर (आरएम) सर्किल ऑफिस, उज्ज्वल दहिया ब्रांच मैनेजर इंडस्ट्रियल एरिया, सनोज चौधरी सीनियर मैनेजर सर्किल ऑफिस व साथ में पंजाब नैशनल बैंक के कुछ अन्य सदस्य अतिशय जैन, सुमित कुमार एवं अनुराग मौजूद रहे। कार्यशाला का शुभारम्भ महाविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों एवं पंजाब नैशनल बैंक की अधिकारी शुचिता कक्कड़ सीनियर मैनेजर (आरएम) सर्किल ऑफिस, उज्ज्वल दहिया ब्रांच मैनेजर इंडस्ट्रियल एरिया, सनोज चौधरी सीनियर मैनेजर सर्किल ऑफिस व साथ में पंजाब नैशनल बैंक के कुछ अन्य सदस्य अतिशय जैन, सुमित कुमार एवं अनुराग, डॉ. अशोक कुमार निदेशक श्रीराम कॉलेज, डॉ. प्रेरणा मित्तल प्राचार्या, श्रीराम कॉलेज, डॉ. सौरभ मित्तल उप-प्राचार्य, श्रीराम कॉलेज, डॉ. अशफाक अली विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में सनोज चौधरी ने खातों के बारे में विभिन्न बीमा पॉलिसी, दुर्घटना बीमा, स्थायी जमा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी, वहीं उन्होंने टर्म इंश्योरेंस के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात शुचिता कक्कड़ ने होम लोन व उसकी ब्याज दर आदि के बारे में सभी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही उज्ज्वल दहिया जी ने बताया कि बचत खाते में न्यूनतम राशि न होने पर अब बैंक द्वारा किसी भी प्रकार का चार्ज नहीं कटेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं को महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यशाला का समापन डॉ. सौरभ मित्तल उप प्राचार्य, श्रीराम कॉलेज द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ किया गया। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. एमएस खान रहे तथा कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता माधवी कौशिक व डॉ. अनिरुद्ध कुमार प्रवक्ता वाणिज्य संकाय के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. विनित शर्मा, प्रवेश नियंत्रक नीतू सिंह, मुकेश कुमार, अनिका बालियान, अभिषेक कुमार, अनुज वर्मा, रीतू, आकांक्षा धीमान एवं कॉलेज के सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

# देहरादून-बदरीनाथ राजमार्ग पर ट्राई का ड्राइव टेस्ट, जियो नेटवर्क अव्वल

**देहरादून, 04 जुलाई (वार्ता)।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से कराए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) परिणामों के अनुसार रिलायंस जियो नेटवर्क ने देहरादून-बदरीनाथ राजमार्ग पर शानदार प्रदर्शन किया है। इस राजमार्ग का अधिकतर हिस्सा उत्तराखंड के चार धाम यात्रा मार्ग में शामिल है। रिलायंस जियो की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस राजमार्ग पर 325 किलोमीटर में 05 मई से 21 मई के बीच इस राजमार्ग पर दूरसंचार नेटवर्क की कार्यकुशलता का परीक्षण किया गया और इसमें कॉल कनेक्ट रेट, डेटा डाउनलोड स्पीड, कॉल ड्रॉप रेट जैसे सभी मानदंडों पर जियो अव्वल रहा। विज्ञप्ति के अनुसार इस परीक्षण में देहरादून से बदरीनाथ राजमार्ग के साथ मुरादाबाद शहर को भी परीक्षण में शामिल किया गया था, दूरसंचार के नजरिए से दोनों क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र का हिस्सा भी शामिल किया गया था। परीक्षण में जियो नेटवर्क पर कॉल कनेक्ट होने की सफलता दर 98.77 प्रतिशत रही, यानी जितनी भी जियो नेटवर्क से कॉल की गयी सभी कनेक्ट हुई, जबकि अन्य दूरसंचार कंपनियों के नेटवर्क 98 प्रतिशत के मानक को पूरा करने में नाकामयाब रहे। परीक्षण में एयरटेल की कॉल कनेक्ट होने की सफलता दर 96.34 प्रतिशत, तो वोडाफोन आइडिया की 92.93 प्रतिशत रही। बीएसएनएल 78.44 प्रतिशत सफलता दर के साथ चौथे नंबर पर रही। ट्राई द्वारा रियल टाइम में किए गए ड्राइव टेस्ट के मुताबिक, जियो ने कॉल सेटअप में लगने वाले टाइम के मामले में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो की कॉल एक सेकंड से भी कम समय में यानी सिर्फ 0.83 सेकंड में कनेक्ट हो गई। खास बात यह है कि जियो ने सबसे कम 0.31 प्रतिशत ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर) और 1.11 फीसदी म्यूट कॉल (एमसी) दर दर्ज की। इसके अलावा, डेटा डाउनलोड में भी जियो नेटवर्क नंबर वन बना रहा और 190.11 एमबीपीएस की औसत डाउनलोड स्पीड के साथ जियो अपने प्रतिद्वंदियों से कहीं आगे रहा। जियो ने 23.64 एमबीपीएस की प्रभावशाली औसत अपलोड स्पीड भी दर्ज की। उल्लेखनीय है कि वीडियो स्ट्रीमिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, फ़ाइल शेयरिंग और क्लाउड एप्लिकेशन और रियल-टाइम एप्लिकेशन के लिए तेज और मजबूत डाउनलोड तथा अपलोड स्पीड की जरूरत होती है।

## मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला: हाईकोर्ट ने ईदगाह को विवादित ढांचा मानने से किया इनकार

मथुरा, 04 जुलाई (एजेंसी)। मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि- शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है. कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित परिसर मानने से इनकार कर दिया है. यह फैसला जस्टिस राम मनोहर मिश्रा की सिंगल बेंच ने सुनाया. कोर्ट ने कहा कि मौजूद तथ्यों और याचिका के आधार पर ईदगाह को फिलहाल विवादित ढांचा घोषित नहीं किया जा सकता. हिंदू पक्ष की ओर से दावा किया गया था कि ईदगाह का निर्माण श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर स्थित प्राचीन मंदिर को तोड़कर किया गया. हिंदू पक्ष के पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट में 5 मार्च 2025 को मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल किया था. इस पर 23 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था. हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने मासिर ए आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए कोर्ट के समक्ष कहा था कि वहां पहले मंदिर था, वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका. साथ ही न खसरा खतौनी में मस्जिद का नाम है और न ही नगर निगम में उसका कोई रिकॉर्ड है. न कोई टैक्स दिया जा रहा. उनका दावा है कि शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट भी भी हो चुकी है, फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए ऐसे में मस्जिद विवादित ढांचा घोषित हो. बहस के दौरान खास बात ये रही कि सभी हिन्दू पक्षकारों ने महेंद्र प्रताप सिंह की ही दलीलों का समर्थन किया था और 23 मई को इस मामले में न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्र के न्यायालय में बहस पूरी हो गई. जिसमे महेंद्र प्रताप सिंह ने कोर्ट में कहा कि भारतीय पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण में यह सब स्पष्ट हो जाएगा. उन्होंने मुकदमे की प्रकृति को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि किसी की जमीन पर अतिक्रमण कर-के बैठ जाने से वह जमीन उसकी नहीं हो सकती है. साथ ही उन्होंने कोर्ट को बताया था कि जो प्रकरण अयोध्या में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद का था, ठीक ऐसा मामला मथुरा में भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि का है.

# स्वामी रुद्र देव जी को नमन करने उमड़ा सैलाब

**- सत्रहवीं श्रद्धापूर्वक सम्पन्न, हवन और भंडारे में दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु**



**खतौली, 04 जुलाई (बु.)।** शुक्रवार को कस्बे के महान संत रहे ब्रह्मलीन स्वामी रूद्र देव जी की 17वीं तिथि अत्यंत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्री अखंडानंद आश्रम, गंग नहर के निकट, भव्य हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय व दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री रामायण जी के अखंड पाठ से हुई, जो गुरुवार से शुरू होकर शुक्रवार सुबह संपन्न हुआ। पाठ के विश्राम के उपरांत हवन का आयोजन किया गया, जिसमें नरेश नागपाल, अशोक अहलावत, सुनील भसीन, अमृतलाल और विनीत कुमार शर्मा सपत्नीक यजमान के रूप में सम्मिलित हुए। हवन की विधियां विद्वान ब्राह्मण वासुदेव शास्त्री, बॉबी शर्मा एवं पंडित पुष्पेश पाराशर द्वारा संयुक्त रूप से सम्पन्न कराई गईं। इसके पश्चात आयोजित भव्य भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आश्रम परिसर में स्थित स्वामी रूद्र देव जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ शाम तक लगातार पहुंचती रही। भंडारे और समस्त आयोजन की व्यवस्थाओं में भगवान दास मेहंदीरत्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता मदन छाबड़ा, केशव अग्रवाल, संजय ग्रोवर, राम जी गगनेजा, दीपक चड्ढा, प्रदीप गुप्ता, कुलदीप तोमर, साहिल तनेजा, प्रवीण, सविता अहलावत, मधु भसीन, चंचल नागपाल, पूनम तायल, राजू खीरबाट, इंद्रजीत खीरबाट और अशोक कालड़ा आदि का विशेष सहयोग रहा। स्वामी रूद्र देव जी श्री अखंडानंद आश्रम के संरक्षक रहे, वे 18 जून को ब्रह्मलीन हो गए थे। संत परंपरा के अनुसार उनकी 17वीं तिथि 4 जुलाई को श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

# देश का पहला राज्य बना मध्य प्रदेश, जहां हिंदी में मेडिकल परीक्षा देने पर आधी फीस होगी माफ



**भोपाल, 04 जुलाई (एजेंसी)।** हिंदी भाषा में एमबीबीएस की पढ़ाई को लेकर सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। हिंदी में परीक्षा देने वाले मेडिकल स्टूडेंट्स को परीक्षा शुल्क में 50% छूट दी जाएगी। मामले को लेकर विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। मामले पर उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा में भाषाई बंधन से प्रतिभा को बाधित नहीं होने देने के लिए मातृभाषा में उच्च शिक्षा के कई कोर्स के संचालन की व्यवस्था की है। देश में मातृभाषा हिंदी में एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए हिंदी माध्यम से अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की है। यह योजना इसी दिशा में एक अतिरिक्त प्रेरणा प्रदान करने का कार्य करेगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सर्व समावेशी शिक्षा के विजन और गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प से प्रेरित है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना, जहाँ हिंदी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई। वर्तमान में प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों में हिंदी माध्यम की पुस्तकें प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक पूरी संख्या में उपलब्ध हैं, जिससे हजारों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। शुक्ल ने कहा, यह योजना केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उन विद्यार्थियों के लिए सम्मान और स्वाभिमान की पहचान है, जो हिंदी माध्यम में दक्ष हैं और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हैं। इस पहल से प्रदेश के ग्रामीण, अर्ध-शहरी एवं हिंदीभाषी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपनी क्षमता सिद्ध करने का नया मंच प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा प्रदेश के सभी संबद्ध मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों को हिंदी माध्यम में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। कॉलेज ऐसे विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय को भेजेंगे, जो स्वेच्छा से हिंदी में परीक्षा देना चाहते हैं। कक्षाओं और प्रायोगिक सत्रों में उपयुक्त व्यवस्था के साथ हिंदी के परीक्षकों की अनुशंसा की जाएगी। हिंदी माध्यम को और अधिक सशक्त बनाने हेतु शिक्षकों को भी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे विद्यार्थियों के साथ सुगमता से संवाद कर सकें और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकें। आवश्यकता पड़ने पर विद्यार्थियों के लिए समाधान कक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत हिंदी में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, हिंदी माध्यम में अध्ययन कर विश्वविद्यालय स्तर पर मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। पूरे एमबीबीएस या बीडीएस पाठ्यक्रम में हिंदी माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 2 लाख रुपए का पुरस्कार मिलेगा, द्वितीय स्थान पर 1 लाख 50 हजार रुपए, तृतीय स्थान पर 1 लाख रुपए तथा चतुर्थ स्थान पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसी प्रकार प्रत्येक वर्ष या प्रोफेशन में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम से चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 1 लाख रुपए, 75 हजार रुपए, 50 हजार रुपए और 25 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया जाएगा।



## शाहपुर में शिया समुदाय ने निकाला मातमी जुलूस

**शाहपुर, 04 जुलाई (बु.)।** कस्बे में शिया समुदाय के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन की याद में इमामबारागाह से दुल दुल व अलम ए जुलूस निकाला। जुलूस में शिया समुदाय के लोग मातम करते हुए चल रहे थे। जुलूस में नौहाख्वानी करते हुए चांद कादरी ने कहा कि अल्लाह रे मौला रे मेरा छिन गया असगर मौला रे। अफजल चिश्ती ने कहा कि असगर तुझे मैं झूला झुलाऊंगी सारी रात। जुलूस इमामबारागाह से शुरू होकर मौहल्ला दरबार, मेन बाजार , मौहल्ला कस्सावान, गढ़ी वाली मस्जिद से होता हुआ इमामबारगाह पर संपन्न हुआ। इस दौरान सरताज हुसैन, लताफत हुसैन, अमानत अली, अली अब्बास व जमाल अब्बास आदि शिया समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## नाली के विवाद में दो पक्षों में झगड़ा 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जानसठ, 04 जुलाई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव सोहजनी में नाली के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। पुलिस 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी। गुरुवार की शाम को थाना क्षेत्र के गांव सोहजनी में सुनील और जितेंद्र के मकान आसपास बने हुए हैं। उनके घर के बाहर गंदे पानी की नाली की निकासी को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद दोनों के परिवारों में झगड़ा हो गया। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को दोनों समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि गांव सोहजनी में नाली के पानी की निकासी को लेकर आपस में झगड़ा होने की सूचना मिली थी। अर्चना पत्नी सुनील की ओर से रजत पुत्र जितेंद्र, जितेंद्र पुत्र सतपाल, संजेश पत्नी जितेंद्र, राकेश पुत्र कंवर सिंह, अनुज पुत्र बृजपाल और राकेश पुत्र कर्म सिंह की ओर से सुनील पुत्र अजयवीर, अर्चना देवी पत्नी सुनील, नरेंद्र पुत्र चरण सिंह, नीरज पुत्र नरेंद्र, पिंटू पुत्र ब्रह्म सिंह के खिलाफ तहरीर आई थी। 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों का संयुक्त अभियान: भारी मात्रा में हथियार बरामद, 203 हथियार, आईईडी और ग्रेनेड जब्त

**मणिपुर, 04 जुलाई (एजेंसी)।** मणिपुर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। अवैध हथियारों भंडारण की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मणिपुर में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक चले व्यापक तलाशी अभियानों के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद कर जब्त कर लिया। संयुक्त सुरक्षा बलों ने 203 हथियार, आईईडी और ग्रेनेड जब्त किया है। पूर्वोत्तर में हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। आने वाले दिनों में हथियारों के भंडार को खत्म करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षाबल ऐसे और ऑपरेशन चलाएंगे, इस बात की पूरी संभावना है। जानकारी के मुताबिक विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स / सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीपीएपीएफ) की संयुक्त टीमों ने तैंग्नोपॉल, कांगपोकपी, चंदेल और चुराचांदपुर के पहाड़ी जिलों में समन्वित अभियान चलाए। यह तलाशी अभियान दूरस्थ और आंतरिक इलाकों में संदिग्ध ठिकानों पर केंद्रित था, जिसके परिणामस्वरूप हाल के वर्षों की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक हुई। 203 हथियारों में 21 इंसास राइफल, 11 एके-सीरीज राइफल, 26 एसएलआर, 2 स्नाइपर राइफल, 3 कार्बाइन, 17 .303 राइफल, 2 51 मिमी मोर्टार, 2 एमए असॉल्ट राइफल, 3 एम79 ग्रेनेड लांचर, 38 ह्यपोंपीह्ल देसी बंदूकें, और कई पिस्तौलें, बोल्ट-एक्शन राइफल और देशी निर्मित हथियार शामिल हैं। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने 30 आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस), 10 ग्रेनेड, 9 पोंपी शेल, 2 लथोड ग्रेनेड और बड़ी मात्रा में 5.56 मिमी और 7.62 मिमी गोला-बारूद भी बरामद किया। यह सफल अभियान क्षेत्र में सशस्त्र हिंसा पर अंकुश लगाने और उग्रवादी ढांचे को ध्वस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि ये बरामद हथियार संभवतः उग्रवादी समूहों या असामाजिक तत्वों द्वारा उपयोग के लिए जमा किए गए थे।




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# मोहर्रम मार्ग पर मिला डीएम को अंधेरा, जेई का रोका वेतन



**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में मोहर्रम एवं कांवड़ यात्रा को निर्विघ्न संपन्न कराने की दिशा में व्यवस्थाओं का सच जानने डीएम उमेश मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों एवं ईओ पालिका के साथ नगर में मोहर्रम मार्ग का निरीक्षण किया। इस बीच उन्हें नगरीय क्षेत्र में करीब एक से डेढ़ किमी तक उक्त मार्ग पर हाई स्ट्रीट लाइट जलती हुई नहीं मिली। इस बीच अधिकारियों के साथ टॉर्च से मोहर्रम मार्ग का निरीक्षण किया गया। डीएम की नाराजगी के चलते इस मामले में ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कार्रवाई करते हुए मार्ग प्रकाश प्रभारी एवं जेई जितेन्द्र कुमार के साथ विभाग लिपिक संदीप यादव के वेतन पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने करीब 15 दिन पूर्व मार्ग प्रकाश प्रभारी एवं जेई जितेन्द्र कुमार को कांवड़ यात्रा मार्ग के साथ नगर क्षेत्र में मोहर्रम मार्ग पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्देशों के बाद भी जेई जितेन्द्र कुमार द्वारा कड़ी लापरवाही बरती गई है। शुक्रवार रात्रि में डीएम उमेश मिश्रा ने एडीएम प्रशासन संजय सिंह एवं पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह और पुलिस अधिकारियों के साथ में मोहर्रम मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें शामली रोड होते हुए गौशाला रोड से कर्बला के बीच में लाइट बंद मिली, जिससे यहां पर काफी अंधेरा मिला। इस मामले में डीएम उमेश मिश्रा द्वारा नाराजगी जताई गई। ऐसे में अधिकारियों ने टॉर्च की रोशनी में निरीक्षण करने के लिए विवश होना पड़ा। इस दौरान ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जेई जितेन्द्र कुमार और लिपिक संदीप यादव को मौके से ही कई फोन किए, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। ऐसे हालातों के बीच पालिका ईओ ने दोनों के वेतन पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है।

## मोदी को सर! कह नमन किया त्रिनिदाद- टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला ने, सर्वेच्च सम्मान की घोषणा की

**पोर्ट ऑफ स्पेन / नयी दिल्ली 4 जुलाई (वार्ता )** त्रिनिदाद- टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनको आज की दुनिया के सबसे प्रशंसित दूरदर्शी नेताओं में एक बताया। प्रधानमंत्री ने श्री



मोदी के स्वागत में उन्हें सर! कह कर नमन किया और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित करने की घोषणा की। श्री मोदी के सम्मान में पोर्ट ऑफ स्पेन में आयोजित एक समारोह में श्रीमती बिसेसर ने भारत के विकास और मजबूती के लिए प्रधानमंत्री मोदी की परिवर्तनकारी भूमिका तथा कोविड19 महामारी के दौरान तमाद कई देशों को भारत की ओर से भेजी गयी अतिमहत्वपूर्ण वैक्सिन सहायता का उल्लेख किया। श्रीमती बिसेसर प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी के लिए परंपरागत भारतीय साड़ी पहन कर अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ स्वयं हवाई अड्डे पर गयी थीं। श्री मोदी के आतिथ्य सत्कारमें आयोजित औपचारिक समारोह में प्रधानमंत्री बिसेसर ने कहा, ह्नहम ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति से गौरवान्वित हैं जो हमारे बहुत निकट और प्रिय हैं। हम ऐसे नेता से गौरवान्वित हैं जिनकी यात्रा केवल प्रोटोकॉल का मामला नहीं है, बल्कि हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है।

## बागपत के तीन युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत, एक गंभीर

**बागपत, 04 जुलाई (वार्ता)** हरियाणा में सोनीपत के मुरथल से जन्मदिन की पार्टी कर-के लौट रहे उत्तर प्रदेश में बागपत के तीन युवकों की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हरियाणा पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बागपत के बिनौली निवासी प्रिंस, आदित्य, विशाल व सिरसली निवासी सचिन आपस में दोस्त थे। गुरुवार को प्रिंस का जन्मदिन था। चारों दोस्त अपनी कार से गुरुवार रात को जन्मदिन पार्टी करने हरियाणा में मुरथल के एक होटल में गए थे। गुरुवार देर रात घर वापस लौटते समय उनकी कार बहालगढ़ के निकट दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर अनियंत्रित होकर फ्लाइओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। उसके बाद गाड़ी में आग लग गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने बड़ी मशक्कत के बाद युवकों को कार से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। इस हादसे में बिनौली के प्रिंस धामा (27) , आदित्य धामा (24) और सिरसली के सचिन तोमर (22) की मौत हो गयी, जबकि बिनौली निवासी विशाल गंभीर रुप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में हालत चिन्ताजनक बताई गयी हैं। तीन युवकों की एक साथ मौत हो जाने से बिनौली व सिरसली दोनों गांव में मातम छाया हुआ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद तीनों युवकों के शवों को शुक्रवार शाम तक गांव में लाया जाएगा। उसके बाद ही अंत्येष्टि की जाएगी।

# देर रात कच्ची सड़क पर हंगामा, जनता के बीच पहुंचे गौरव स्वरूप व ईओ

### ▶▶ देर रात अपने मासूम बच्चे को साथ लेकर मौके पर पहुंची ईओ प्रज्ञा सिंह






**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** देर रात उस समय कच्ची सड़क पर हंगामा हो गया जब पिछले 8 वर्षो से नहीं बन पाई कच्ची सड़क के कांवड़ यात्रा को देखते हुए गड्ढे भरे जा रहे थे। इसी बात को लेकर कच्ची सड़क की जनता नाराज हो गयी और मदीना चौक से ही काम को रुकवा दिया गया। काम रुकता देख कर्मचारियों ने पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह व चेयरमैनपति गौरव स्वरूप को इसकी सूचना दी तो देर रात स्वयं प्रज्ञा सिंह अपने छोटे बच्चे को लेकर वहां पहुंची और उसके बाद गौरव स्वरूप भी जनता को समझाने के लिए उनके बीच पहुंच गए। आमजन व उनके बीच नोकझोक के बाद नतीजा यह निकला कि गौरव स्वरूप ने आश्वासन दिया कि कांवड़ मेले के समाप्ति के बाद सड़क बनाने का काम किया जायेगा, फिलहाल गड्ढे भराई से ही काम चलाना होगा। आमजन ने कहा कि बहुत वर्ष हो गए यह जुमला सुनते हुए अब सड़क का निर्माण ही करना होगा। काफी मशक्कत के बाद गौरव स्वरूप व ईओ आमजन को समझाने में सफल हुए और लोगों को वापस भेजा गया। गौरव स्वरूप ने ठेकेदारों को हिदायत दी कि यदि गड्ढे भरने में लापरवाही या गुणवत्ता में कमी की गयी तो ठेकेदार का भुगतान नहीं किया जायेगा।

### नगर मजिस्ट्रेट ने पढ़ाया नोटिस देने का पाठ

मुजफ्फरनगर। नगर मजिस्ट्रेट देर रात ही कच्ची सड़क पहुंचे और कम रुकवा रहे लोगों को यह पाठ पढ़ाने का प्रयास किया कि अगर सरकारी काम में किसी भी व्यक्ति ने बाधा डाली तो उसके खिलाफ नोटिस जारी किया जायेगा। हालांकि कच्ची सड़क के नागरिक इस बात से डरे नहीं, उनका कहना था कि अगर अपने हक की लड़ाई के लिए जेल भी जाना पड़ा तो जाएंगे प्रशासन उन्हें डराने का काम का प्रयास न करे। आमजन ने कहा कि एक तो मुजफ्फरनगर के नेता कुछ करते नहीं उल्टा प्रशासन जनता को ही धमकाने का काम कर रहा है, जोकि बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अब देखना यह होगा कि उक्त गड्ढे भराई का काम जारी रहता है या रोक दिया जाता है।

### जंगल में टूटे विद्युत तार की चपेट में आकर किसान की मौत

**खतौली, 04 जुलाई (बु.)।** गांव पाल के जंगल में अपने खेत पर चारा लेने जा रहा किसान हरि सिंह (73) रास्ते में टूटे पड़े विद्युत तार की चपेट में आने के कारण करंट से झुलस किया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बिजली निगम के खिलाफ हंगामा भी किया। गांव पाल निवासी किसान सुबह के समय अपने खेत पर चारा लेने के लिए जा रहा था। जब वह गांव के ही किसान नीटू के खेत से निकला तो वहां पर बिजली का तार टूटा हुआ था। इसमें करंट का प्रवाह था। इसी दौरान हरि सिंह को बिजली का तार नहीं दिखाई दिया तथा उसके पैर में बिजली का तार टच हो गया, जिस कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खेतों में कार्य कर रहे अन्य किसान दौड़ कर उसके पास आए, मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना था कि जर्जर विद्युत तार टूटते रहते हैं। तारों को ठीक कराने के लिए कई बार विद्युत निगम अधिकारियों से मांग की गई, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि शाम तक उनको पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ककरौली पुलिस की कड़ी कार्रवाई, मारपीट के दो और आरोपी गिरफ्तार

**भोपा, 4 जुलाई (बु.)।** ककरौली थानाक्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी हरेंद्र सैनी ने ककरौली थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने गांव में अपने घर में परचून की दुकान खोल रखी है। गांव के ही



गुलसनव्वर पर उसकी दुकान के सामान के कुछ रुपए उधार चल रहे थे। एक दिन आरोपी उसकी दुकान पर सामान लेने के लिए आया था तो उसने सामान देकर पहले उधार रुपए देने के लिए कहा जिससे नाराज होकर आरोपी उसे भुगत लेने की धमकी देकर बिना पैसे दिए ही वहां से चला गया। कुछ देर बाद आरोपी लाठी डंडों और धारदार हथियारों से लैस होकर अपने गांव के लगभग आधा दर्जन आरोपियों को साथ लेकर आया और उसके घर में घुसकर हमला कर दिया जिससे वह उसके पिता नैन सिंह और भाई सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिवार के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष ककरोली जोगिंदर सिंह ने बीते बुधवार को दो आरोपी गुलशनव्वर और मोहम्मद साजिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने दो आरोपी शावेज और शाकिब को तेवड़ा राजवाहे की पुलिया से गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने दोनो आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# यशवीर महाराज डटे, हरिद्वार पुलिसकर्मी पीछे हटे



**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** आज मुजफ्फरनगर के बाद अब स्वामी यशवीर महाराज ने अपना अभियान उत्तराखण्ड की ओर ले जाते हुए वहां भगवा ध्वज और वराह भगवान का चित्र सनातनी ढाबा संचालकों के यहा दिया मगर उत्तराखण्ड सीमा में पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक दिया। ऐसा होता देख यशवीर महाराज ने उत्तराखण्ड प्रशासन से तर्क वितर्क किया और पूछा कि क्या उत्तराखण्ड में वराह भगवान की मूर्ति लगाना अथवा भगवा झण्डा लगाना निषेध है। घंटों हुई गहमा गहमी के बाद जब महाराज ने वापस मुजफ्फरनगर न लौटकर वहीं धरना देने का ऐलान किया तो प्रशासन को अपने कदम पीछे हटाने पड़े और उन्हें उत्तराखण्ड जाने दिया गया। नेशनल मीडिया ने भी यशवीर महाराज से उल्टे सीधे तर्क किये और कहा कि तुम कौन होते हो किसी की पैंट चेक करने अथवा किसी के आधार कार्ड की जांच करने वाले इस पर महाराज ने कहा कि कुछ मीडियाकर्मी सेकुलर होने का ढोंग रच रहे हैं और इस देश में रहना है तो सनातनी बनकर रहना होगा। लम्बी बहस के बाद नेशनल मीडिया उनके साथ चलती दिखाई दी मगर यशवीर महाराज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और उत्तराखण्ड की ओर बढ़ते चले गए।

# वीडीओ के लिए अब ट्रिपल-सी कोर्स अनिवार्य

**लखनऊ, 04 जुलाई (एजेंसी)।** ग्राम्य विकास विभाग में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ ही कंप्यूटर के ट्रिपल-सी कोर्स का प्रमाण पत्र होना जरूरी होगा। कैबिनेट ने ग्राम्य विकास विभाग की ग्राम विकास अधिकारी सेवा नियमावली 2025 को मंजूरी प्रदान कर दी है। साथ ही, वर्ष 1980 में बनी पुरानी नियमावली को समाप्त कर दिया है। इसी तरह समाज कल्याण विभाग में भी ग्राम विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी के पद पर भर्ती के लिए ट्रिपल सी का कोर्स अनिवार्य कर दिया गया है। बता दें कि ग्राम विकास विभाग की पुरानी नियमावली में शैक्षिक अर्हता विज्ञान या कृषि के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करना निर्धारित की गई थी। कैबिनेट द्वारा मंजूर नई सेवा नियमावली में पदधारकों द्वारा विभाग के कार्यों को गुणवत्ता के साथ संपादित करने के उद्देश्य से कंप्यूटर संचालन में नीलेट द्वारा जारी ट्रिपल सी प्रमाण पत्र होने की व्यवस्था की गई है। नई नियमावली के मुताबिक उप्र ग्राम विकास अधिकारी सेवा एक राज्य अधीनस्थ अराजपत्रित सेवा होगी। उसका एक जिले से दूसरे जिले में तबादला भी किया जा सकेगा। इस नियमावली को मंजूरी मिलने से ग्राम विकास अधिकारी के कुल 8297 पदों में से वर्तमान में रिक्त 2578 पदों पर भर्ती की कार्यवाही समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सकेगी। उप्र स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (यूपी सिडको) में सीधी भर्ती के समूह ख श्रेणी के सभी पदों पर भर्ती उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा कराई जाएगी। जिलों में गृह विभाग (पुलिस) के निष्प्रयोज्य/स्क्रैप वाहनों की जगह 345 नए वाहनों की खरीद का प्रस्ताव मंजूर। उप्र भाषा संस्थान के कर्मियों की अधिवर्षता (सेवानिवृत्ति) की आयु 58 साल से बढ़ाकर 60 साल करने का प्रस्ताव मंजूर। मुजफ्फरनगर, मेरठ एवं गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग के नवनिर्माण कार्य की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति। यह निर्माण गंगनहर की दायीं पटरी पर हो रहा है, जिसकी लंबाई 111.490 किमी है।

### रूस ने अफगानिस्तान के तालिबान शासन को दी मंजूरी

**मास्को, 04 जुलाई (वार्ता)** रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता दे दी है। रूस की मीडिया ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट कहा, '' हमारा मानना ?? है कि अफगानिस्तान की इस्लामिक अमीरात सरकार को आधिकारिक मान्यता देने से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने में गति मिलेगी।'' गौरतलब है कि तालिबान (एक इस्लामी आतंकवादी समूह) ने अमेरिका समर्थित सरकार को गिराने के बाद अगस्त 2021 में अमेरिकी और नाटो बलों की वापसी के उपरांत अफगानिस्तान पर नियंत्रण कर लिया था। रूस के देश को मान्यता देने के फैसले के बारे में रिपोर्टों पर टिप्पणी करने के लिए कहे जाने पर मंत्रालय के एक प्रतिनिधि ने कहा, '' विदेश मंत्रालय इसकी पुष्टि करता है। '' तास न्यूज एजेंसी ने रूस के विदेश मंत्रालय के अधिकारी दिमित्री झिरनोव के हवाले से कहा, '' रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव की सिफारिश पर अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात को मान्यता देने का फैसला किया है, ताकि मास्को के संबंधों को विकसित करने के इरादे को दिखाया जा सके। ''

# हल्की बूंदाबांदी ने जनपद में बढ़ाई उमस, लोग बेहाल

### 35 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट, नगर में फिर भी सूखा




**मुजफ्फरनगर, 04 जुलाई (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी में जुलाई माह का चौथा दिन मायूसी भरा साबित हुआ। हालांकि इस बीच कुछ इलाकों में बूंदाबांदी तो हुई, लेकिन उससे राहत मिलने के बजाए उमस और गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो गया। वैसे दक्षिणी पश्चिमी मानसून देशभर में सक्रिय है, जिसकी वजह से दिल्ली-एनसीआर समेत यूपी के कई क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के जारी अलर्ट में आगामी 5 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

हालांकि शुक्रवार में भी यूपी के करीब 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने व बारिश की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन जनपद मुजफ्फरनगर में इसका लाभ दिखाई नहीं दिया। मौसम विभाग के जारी किए अलर्ट के चलते उत्तर प्रदेश में 9 जुलाई तक अभी बारिश-बादल का दौर जारी रहने का दावा किया गया है। इसके चलते पश्चिमी यूपी में कुछ स्थानों और पूर्वी यूपी में अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी दी गई थी, लेकिन दोपहर में कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी के साथ कोई भी राहत दिखाई नहीं दी। हालांकि इस दौरान बादल गरजने और बिजली चमकने के साथ 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने से कुछ इलाकों में राहत दिखाई दी। मुजफ्फरनगर जनपद की जहां तक बात की जाए तो शुक्रवार को दोपहर के समय कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी से राहत मिलने के बजाए सिर्फ उमस भरी गर्मी का हर ओर आलम देखने को मिला। इस बीच आसमान में हर ओर बादलों की आवाजाही के साथ हल्की से मध्यम बारिश के आसार दिखाई दिए। अधिकतम तापमान 34 तो न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने के साथ आर्द्रता 71 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के जारी आंकड़ों में पश्चिमी/पूर्वी यूपी में अगले 6 दिनों का वर्षा पूर्वानुमान जारी किया है, जिसमें 5 जुलाई को पश्चिमी यूपी में अनेक स्थानों पर वर्षा एवं गरज-चमक के साथ में बौछारें होंगी। वहीं कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ वज्रपात व भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा अगले चार दिनों पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसे ही हालात बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

### डी. गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को फिर हराया

**जागरेब, 04 जुलाई (वार्ता)** शतरंज के क्लासिकल प्रारूप में मौजूदा विश्व नंबर 1 भारत के डी. गुकेश ने गुरूवार को जागरेब में सुपर यूनाइटेड रैपिड एंड ब्लिट्ज क्रोएशिया 2025 में मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। नॉर्वे के दिग्गज के खिलाफ गुकेश की हालिया जीत नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के कुछ ही सप्ताह बाद आई है। नॉर्वे शतरंज के विपरीत जहां जीत क्लासिकल प्रारूप में हुई थी, हालिया जीत रैपिड प्रारूप में आई है। गुरुवार को कार्लसन ने 49 चालों के बाद हार मान ली, इसके बाद हाथ मिलाया और फिर वे मंच से चले गए। यह स्टावेंजर में भावनात्मक प्रतिक्रिया के बिल्कुल विपरीत था जहां हार के बाद उन्होंने टेबल पर मुक्का मारा था। यहां टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले, कार्लसन ने रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों में गुकेश की साख पर सवाल उठाए थे। गुकेश रैपिड सेक्शन के तीसरे और अंतिम दिन 10 अंकों के साथ अकेले लीडर के रूप में आगे बढ़ रहे हैं। तीन और गेम खेलने के साथ, गुकेश जान-क्रिज़्टोफ डूडा से दो अंक आगे हैं, जो अंक तालिका में दूसरे स्थान पर हैं।

## अमेरिकी एनजीओ ने नए बिल को लेकर ट्रम्प पर मुकदमा चलाने का संकल्प लिया

**मैनहटन 04 जुलाई (वार्ता)** अमेरिका में यौन स्वास्थ्य सेवा के काम में लगे गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) प्लांड पैरेंटहुड ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के पारित होने पर उन पर मुकदमा चलाने का संकल्प लिया है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक बिल में इस एनजीओ की वित्तीय सहायता एक साल के लिए रोकने का प्रावधान है। संगठन के अध्यक्ष और सीईओ एलेक्सिस मैकगिल जॉनसन ने बुधवार को इस बिल की निंदा करते हुए इसे "गैरकानूनी" और संगठन और उसके रोगियों पर "लक्षित हमला" बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, "हर किसी को उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच का हक है। हम पिछली सदी से इसी के



लिए लड़ रहे हैं और हम कभी नहीं रुकेंगे।" उन्होंने कहा, "हम इस गैरकानूनी हमले को रोकने के लिए ट्रम्प प्रशासन पर मुकदमा करेंगे। हमारी मुलाकात अदालत में होगी।" ट्रम्प द्वारा समर्थित और हस्ताक्षरित नया विधेयक कराधान पर अपनी नीति और सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क में कटौती के कारण बड़े विवाद का विषय रहा है। इसे बुधवार को 218-214 से पारित किया गया। इस बिल के प्रावधानों के तहत गर्भपात की पेशकश करने वाले प्रदाताओं को किसी भी अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए मेडिकेड फंडिंग स्वीकार करने से रोका जाएगा, भले ही उस देखभाल का भुगतान निजी तौर पर या सरकारी माध्यम से किया गया हो। एनजीओ की अन्य गैर-गर्भपात प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं में जन्म नियंत्रण और गर्भनिरोधक, यौन संचारित संक्रमणों (एसटीआई) के लिए परीक्षण और उपचार, जीवन रक्षक कैंसर जांच (पैप स्मीयर, स्तन परीक्षण), गर्भावस्था परीक्षण और प्रसवपूर्व देखभाल रेफरल और महिला जांच शामिल हैं। बिल का प्रावधान अमेरिका में सभी गर्भपात विरोधी समर्थकों के लिए एक बड़ी जीत थी, जिन्होंने लंबे समय से संघीय सरकार से

## हिन्दुओं के नाम पर कलंक रामकुमार फिर से गाय बेचता पकड़ा गया

**मुजफ्फरनगर 04 जुलाई (बु.)।** भोपा रोड स्थित एक हॉस्पिटल के सामने गौशाला संचालक रामकुमार कई बार गौ तस्करी करते हुए पकड़ा गया है, मगर यह समझ नहीं आता कि उक्त गौ तस्कर किसके कहने पर छोड़ दिया जाता है। हिन्दू धर्म में पैदा होकर धर्म को कलंकित करने वाला रामकुमार शनिवार को फिर से एक बार गौ तस्करी में पकड़ा गया। भगवा पटका पहनकर अपने आपको हिन्दूवादी दर्शाने वाले ढोंगी रामकुमार ने गौमाता को गौशाला तक ले जाने का खर्चा 1500 रुपये बताकर पचैंडा निवासी परवीन



से ले लिया। इस बात की सूचना जब सचिन बिडला को लगी लगी तो कूकड़ा मंडी की गौशाला के अमन, शुभम, दीपक ने रामकुमार को दबोच लिया जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और रामकुमार को फिर से एक बार जेल भेज दिया गया। अब देखना यह होगा कि बार-बार पकड़े जाने वाला नीच रामकुमार अब कब वापस छुटकर आता है।

### एक ही घर से निकले कोबरा प्रजाति के 25 सांप

**कुशीनगर, 4 जुलाई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र अंतर्गत बटेसरा गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक ही घर से कोबरा प्रजाति के 25 जहरीले सांप निकल आए। जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय सामने आई जब घर में निर्माण कार्य चल रहा था और नींव की खुदाई के दौरान अचानक एक बड़ा कोबरा और उसके 24 छोटे बच्चे बाहर निकल आए। परिवार ने तुरंत वन विभाग और स्नेक कैचर टीम को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर सभी सांपों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। स्नेक कैचर ने सभी सांपों को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में जहरीले सांप एक ही स्थान से निकलना चौंकाने वाला और खतरनाक है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी विषैले जीव को देखकर घबराएं नहीं और तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें।

# उत्तर प्रदेश में दो निजी विश्वविद्यालयों को मिली स्वीकृति

**लखनऊ, 04 जुलाई (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के संचालन की अनुमति प्रदान की है, वहीं गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु आशय-पत्र जारी किया गया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी से उच्च शिक्षा में नवाचार और अधोसंरचना विकास को प्रोत्साहित कर रही है। आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनेगा। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने और युवाओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन दोनों प्रस्तावों को समयबद्ध प्रक्रिया के तहत स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट, दिल्ली द्वारा




अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 2025 के अंतर्गत अधिसूचित करते हुए अनुज्ञा-पत्र प्रदान किया गया है। यह विश्वविद्यालय अब निर्धारित शर्तों और अधिसूचना के परिप्रेक्ष्य में औपचारिक रूप से संचालन कर सकेगा। वहीं, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग सोसाइटी, गाजियाबाद द्वारा प्रस्तावित अजय कुमार गर्ग विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा-6 के अंतर्गत आशय-पत्र जारी किया गया है। विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु न्यूनतम 5 करोड़ रुपए की स्थायी विन्यास निधि, शहरी क्षेत्र में 20 एकड़ भूमि तथा कम से कम 24,000 वर्ग मीटर का शैक्षणिक भवन आदि शर्तों को पूरा करना होगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, विशेष सचिव निधि श्रीवास्तव तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेरठः मदरसे की छात्रा से रेप, प्रेग्नेंट होने पर कराया गर्भपात

**मेरठ, 04 जुलाई (एजेंसी)।** मेरठ में एक मौलाना पर मदरसे की छात्रा से रेप का आरोप लगा है। वह इस मदरसे में बिहार से पढ़ाई के लिए आई थी। 22 साल की पीड़िता संग मौलवी न सिर्फ रेप करता था, बल्कि विरोध करने पर उसे मारता पीटता भी था। फिलहाल, पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी मौलाना को अरेस्ट कर लिया है। पीड़ित लड़की ने यह भी बताया कि इस पूरे कांड में आरोपी मौलाना की पत्नी ने उसका साथ दिया था। जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र के एक मदरसे का है। यहां बिहार की रहने वाली एक लड़की ने पुलिस को शिकायत कर बताया कि 3 साल से एक मौलाना उसके साथ रेप कर रहा है। इस कुकृत्य में मौलाना की पत्नी भी उसका साथ देती थी। लड़की का आरोप है कि मदरसे में उसको बंधक बनाया गया और रेप के बाद जब वह गर्भवती हो गई, तो उसका गर्भपात करा दिया गया। अब पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मेरठ के एसपी (सिटी) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि थाना लोहिया नगर पुलिस को एक लड़की द्वारा तहरीर दी गई थी, जिसमें एक मौलाना पर गंभीर आरोप लगाए गए थे, जिस पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए मौलाना को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पति समेत 6 के विरुद्ध छेड़छाड़ व मारपीट का मुकदमा दर्ज

### पति के मामा के पुत्र व उसके दोस्त पर घर में अकेला देखकर कपड़े फाड़ने व अश्लील हरकत करने का आरोप

**मीरापुर, 4 जुलाई (बु.)।** एक विवाहिता युवती ने अपने पति के मामा के लड़कों पर उसे घर में अकेला देखकर अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर पति, सास, ननद पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। मीरापुर निवासी साहिस्ता पुत्री महबूब की शादी मुस्लिम रीति रिवाज से करीब चार वर्ष पूर्व छपार थानाक्षेत्र के गांव बरला निवासी गुलबहार पुत्र निसार के साथ हुई थी। साहिस्ता का आरोप है कि उसकी ससुराल में उसके पति के मामा के लड़के शादाब व उसके दोस्त नौशाद का आना जाना था। आरोप है कि उक्त दोनों साहिस्ता पर बुरी नजर रखते थे करीब एक माह पूर्व 2 जून की रात्रि उक्त दोनों उसकी ससुराल आये उस समय वह घर पर अकेली थी तथा उसका पति गांव में एसी ठीक करने गया था। उसे अकेली देखकर दोनों ने उसके साथ अश्लील हरकत शुरू करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए।शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए। साहिस्ता ने घटना की जानकारी अपनी सास महराज व ननद आयशा व गुलफशा तथा पति गुलबहार से की तो आरोप है कि उक्त लोगों ने उल्टा उसके साथ मारपीट करते हुए उसके गले मे दुपट्टे से फंदा लगाकर उसे जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता की सूचना पर छपार पुलिस ने उसका मेडीकल कराया किन्तु रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने एसएसपी से मिलकर शिकायत की तो मामला परामर्श केंद्र भेजा गया, जिसके विफल होने पर पीड़िता की तहरीर पर मीरापुर पुलिस ने आरोपी शादाब पुत्र दिलशेर व नौशाद पुत्र महमूद निवासीगण गांव वजीराबाद, थाना भोपा, तथा पीड़िता की सास महराज, दो ननद गुलफशा व आयशा तथा पति गुलबहार के विरुद्ध मीरापुर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### दो का शांतिभंग में चालान

**मीरापुर, 4 जुलाई (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने गांव कुतुबपुर निवासी अंकुश पुत्र बिजेन्द्र को अपने माता-पिता के साथ गाली-गलौच करने के चलते गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी तरफ चुड़ियाला निवासी फुरकान पुत्र सलमान ने अपनी पत्नी इकरा के साथ घर में खाना बनाने को लेकर हुए विवाद के चलते इकरा को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने इकरा को मैडिकल के लिए भेजकर सलमान को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों घटनाओं में पकड़े गए सलमान व अंकुश का शांतिभंग में चालान कर दिया।

## मीरापुर पुलिस ने पांच जुआरी पकड़े

**मीरापुर, 4 जुलाई (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गांव रसूलपुर गढ़ी में एक व्यक्ति के मकान में जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ़्तार कर लिया। शुक्रवार की दोपहर में मीरापुर पुलिस को किसी व्यक्ति ने गांव रसूलपुर गढ़ी निवासी आसिफ के घर में जुआ खेले जाने की सूचना दी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आसिफ के घर दबिश देकर वहाँ जुआ खेल रहे मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी शानू पुत्र इसरार व वसीम पुत्र याकूब तथा किरणपाल पुत्र रामस्वरूप, परवेज पुत्र इब्राहिम तथा आसिफ पुत्र मनव्वर निवासीगण रसूलपुर गढ़ी को गिरफ़्तार कर लिया तथा उनके कब्जे से ताश के पत्ते व 2,740 रुपये बरामद किए।



## जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार : अखिलेश यादव

**लखनऊ 04 जुलाई (वार्ता)** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को जल जीवन मिशन, नदियों की सफाई और अन्य योजनाओं के नाम पर धोखा दिया है। इन योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। बारिश आते ही भाजपा स्मार्टसिटी योजना की पोल खुल गयी है। श्री यादव ने शुक्रवार को कहा कि गोरखपुर, आगरा, वाराणसी, अयोध्या, अलीगढ़ समेत कई नगरों और शहरों में जगह-जगह जल भराव हैं सड़कें उखड़ गयी है, नाले जाम है। मोहल्लों और गलियों में पानी भर जाता है। भाजपा की दिल्ली, लखनऊ की डबल इंजन सरकार और महानगरों के नगर निगम मिलाकर ट्रिपल इंजन की सरकार फेल हो गयी है। उन्होने कहा है कि पिछले नौ साल में भाजपा सरकार एक भी सिटी को स्मार्ट नहीं बना पायी है। सड़कें जगह-जगह खोद दी गयी हैं। आम जनता भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार से परेशान हो चुकी है। इसी तरह से इस सरकार की जल जीवन मिशन योजना भ्रष्टाचार के नए रिकार्ड बना रही है। इस योजना के तहत बनी पानी की टंकियां भाजपा के भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रही हैं। हर महीने किसी न किसी जिले में पानी की टंकियां ढह रही है। श्री यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। मां गंगा की सफाई नहीं हुई। नमामि गंगे परियोजना के लिए आवंटित हजारों करोड़ का बजट साफ हो गया लेकिन गंगा नदी साफ नहीं हुई, स्थिति जस की तस है। भाजपा सरकार में हो रही लूट और भ्रष्टाचार से गैर विभाग अछूता नहीं हैं निर्माणकार्यों के साथ ही ट्रांसफर पोस्टिंग में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ। भाजपा सरकार का ईमानदारी का लबादा उतर चुका है। उन्होने कहा कि भ्रष्टाचार, बेईमानी और झूठ भाजपा की पहचान बन चुका है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा के भ्रष्टाचारी शासन को खत्म करने के लिए तैयार है।



### लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ट्रेलर से भिड़ी बस, चालक की मौत, छह घायल

**आगरा, 04 जुलाई (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में आगरा के फतेहाबाद क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार तड़के बस और ट्रेलर की टक्कर में बस चालक की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा जिले की फतेहाबाद तहसील के निकट 32वें माइल स्टोन पर हुआ। बस आगे चल रहे एक ट्रेलर में जा घुसी। हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस ट्रेलर को करीब 30 मीटर तक घसीटती हुई ले गई, जिससे बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। निजी बस दिल्ली से लखनऊ जा रही थी। बस में करीब 30 सवारियां थीं। हादसे में बस के चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि करीब आधा दर्जन यात्रियों को चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। दोनों वाहनों को हटाकर मार्ग को जल्द ही यातायात के लिए साफ कर दिया गया, जिससे हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी।